7) पफ गोदाम का उपयोग ज्वलनशील, दहनशील या खतरनाक विस्फोटक पदार्थों के भंडारण के लिए उपयोग नही किया जाएगा।

8) पफ गादाम उस आवेदक को पट्टे पर दिया जाएगा जिसने प्रति माह उच्चतम किराए की राशि उद्धृत किया है।

9) उच्चतम बोली लगाने वाले आवेदक को बोर्ड से प्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के 15 दिनों के अंतर बोर्ड के साथ एक करार निष्पादित करना होगा।

10) उच्चतम बोली लगाने वाले को, प्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के बाद, बिजली, किराया आदि के किसी भी अवैतनिक भुगतान के खिलाफ गारंटी के तौर पर तीन महीने के किराए के बराबर ब्याज मुक्त प्रतिभूति जमा और रु. 5,00,000/- की जमानत राशि का भुगतान बोर्ड के प्राप्ति खाते में ऑनलाइन बैंक अंतरण के माध्यम से करना होगा।

11) बोर्ड को पफ गोदाम सौपते समय प्रतिभूति राशि और जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।

12) उच्चचम बोली लगाने वाले को करार पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 15 दिनों के अंतर और प्रतिभूति राशि जमा करने के बाद पफ गोदाम पर कब्जा कर लेना होगा। यदि करार की तारीख से 15 दिनों के अंतर कब्जा नही लिया जाता है, तो इसे निविदा शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा और बोर्ड को अन्य पात्र फर्म/अभिकरण को सुविधा पट्टे पर देने का अधिकार है।

13) पफ गोदाम का उपयोग केवल इच्छित उद्देश्य के लिए किया जाएगा और किसी अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया जाएगा।

14) करार की अवधि के दौरान, किसी भी पक्ष को दूसरे पक्ष को लिखित रूप से तीन महीने का सूचना देकर करार को समाप्त करने का अधिकार होगा।

15) पफ गोदाम किसी अन्य फर्म को उप किराए पर नही दी जाएगी।

16) स्पाइसेस बोर्ड भुगतान करने के आधार पर पफ गोदाम के उपयोग के लिए जल और बिजली उपलब्ध कराएगा। इसका शुल्क बोर्ड को बिल प्राप्त होने के 10 दिनों के अंतर भुगतान किया जाएगा।

17) बोर्ड से लिखित अनुमति के बिना पफ गोदाम में किसी भी परिवर्तन/संरचनात्मक संशोधन/अतिरिक्त निर्माण की अनुमति नही दी जाएगी।

18) बोर्ड या उसके प्राधिकृत अधिकारी को पट्टेदार को पूर्व सूचना देकर सभी उचित समय पर पफ गोदाम का निरीक्षण करने का अधिकार होगा।

19) पट्टेदार अपनी लागत पर मामूली विद्युत मरम्मत, प्रतिस्थापन आदि सहित पफ गोदाम का नियमित रखरखाव करने के लिए सहमत होगा।

20) यदि सुविधाओं का तीन महीने से अधिक समय तक लगातार उपयोग नही किया जाता है तो बोर्ड पट्टा करार समाप्त कर देगा।

21) पफ गोदाम के संचालन में मसालों के निर्यातकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

22) सुविधा सौंपने के लिए निष्पादित किए जाने वाले करार में विस्तृत निबंधन व शर्ते शामिल की जाएगी।

23) जो लोग पफ गोदाम में दौरा करना चाहते है, वे गुना में स्पाइसेस बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालय के निम्नलिखित पते पर सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते है।

सहायक निदेशक,
स्पाइसेस बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालय,
मसाला पार्क, मावन,
गुना-473 001, मध्य प्रदेश
फोन: 9415312330

24) बोली प्रस्तुत करने के लिए ईएमडी लागू नहीं है। हालाँकि, बोलीदाताओं को संलग्नक-।। में दिए गए निर्धारित प्रारूप में बोली सुरक्षा घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।

25) तकनीकि बोली संलग्नक-। के अनुरूप दिए गए प्रारूप में संलग्नक-।। में दिए गए बोली सुरक्षा घोषणा के साथ एक अलग लिफाफे में जिसके ऊपर तकनीकि बोली लिखा हो, प्रस्तुत की जाएगी। (लिफाफा-।)

26) वित्तीय बोली संलग्नक-।।। के अनुरूप दिए गए प्रारूप में एक अलग लिफाफे में जिसके ऊपर वित्तीय बोली लिखा हो, प्रस्तुत की जाएगी। (लिफाफा-2)

27) इच्छुक पात्र आवेदक अपनी बोलियाँ भाग-। और भाग-।। में दिए गए प्रारूप में दो अलग-अलग सीलबंध लिफाफों में जिसके ऊपर भाग-। (बोली आवेदन) और भाग-।। (वाणिज्य बोली) लिखा हो और दोनो बोलियाँ अलग-अलग सीलबंध लिफाफों में रखना चाहिए जिसके ऊपर "मसाला पार्क, गुना में पफ गोदाम को पट्टे पर देने के लिए बोली" लिखा हो और निम्नलिखत पते पर 23-01-2025 को सायं 5.00 बजे तक या उससे पहले प्राप्त होना है।

सहायक निदेशक,
स्पाइसेस बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालय,
मसाला पार्क, मावन,
गुना-473 001, मध्य प्रेदश

28) तकनीकि बोली 13-06-2025 को सुबह 10.30 बजे स्पाइसेस बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालय, गुना में बोलीदाताओं, यदि कोई हो तो, के समक्ष, खोली जाएगी। तकनीकि बोलियों के अनुसार पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले बोलीदाताओं की वित्तीय बोली 13-06-2025 को सुबह 11.00 बजे खोली जाएगी।

29) बोली लगाने की न्यूनतम राशि 25,000/- + 18% जीएसटी निर्धारित की गई है। ₹25,000/- से कम लगाई गई बोलियों पर पीयूएफ गोदाम को पट्टे पर देने के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

30) बोर्ड संलग्नक IV में संलग्न विशेज्ञ द्वारा दी गई सलाह के अनुसार पफ गोदाम के लिए विद्‌युत शुल्क के हिस्से का गणना करेगा।

31) ऐसी फर्म/कंपनी या अन्य संस्थाएं जिनका बोर्ड के पास कोई भुगतान बकाया (लंबित) है, वे बोली प्रस्तुत करने के लिए पात्र नहीं है और यदि ऐसी फर्म/कंपनियाँ या अन्य संस्थाएं बोली प्रस्तुत किया हो तो उसे खोला नही जाएगा।

32) बोर्ड बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार/रद्द करने का अधिकार रखता है। इस बोली के संबंध में स्पाइसेस बोर्ड का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

स्थान: कोच्ची (ह.)
तारीख: 31-12-2024 निदेशक (विपणन)

